आज समाज 28/03/2026

जीएमएन कॉलेज में विद्यार्थियों ने इको-फ्रेंडली बैग बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

अंबाला। जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट में नेशनल एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे टू वीक चैलेंज के अंतर्गत एसडीजी क्लब, प्रबंधन विभाग, समाजशास्त्र विभाग और इन्क्यूबेशन सेल द्वारा इको-फ्रेंडली बैग बनाने की गतिविधि का सफल आयोजन किया गया। गतिविधि में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पुराने अखबारों और अन्य अनुपयोगी सामग्रियों का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल बैग तैयार किए। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की भावना को बढ़ावा देना तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के प्रति जागरूकता फैलाना था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी उत्पन्न करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।